# जॉबकीपर और सुपरएन्युएशन

CV04 4.5

## मेरे पास क्या अधिकार हैं?

जॉबकीपर वेतन छूट के तहत जिन व्यवसायों ने छूट के लिए आवेदन किया है, उनके लिए यह आवश्यक है कि वे आपको करपूर्व कम से कम $1,500 प्रति पखवाड़े का भुगतान करें। इस भुगतान को प्राप्त करने का अधिकार पूर्णकालिक और अंशकालिक कर्मियों के पास (जो अस्थायी निवासी नहीं हैं, न्यू ज़ीलैंड के नागरिकों के अतिरिक्त) है, यदि वे 1 मार्च 2020 के दिन कार्य के लिए नियुक्त थे। यदि आप एक आकस्मिक कर्मी हैं, तो आपको भुगतान की पात्रता के लिए 12 महीनों से अधिक समय तक एक ही व्यवसाय के साथ काम पर होना चाहिए। इस भुगतान को प्राप्त करने के लिए आपको उस व्यवसाय का कर्मी बना रहना होगा और आपको एक समय में एक से अधिक भुगतान प्राप्त नहीं हो सकता है।

जॉबकीपर भत्ता एक वेतन *छूट* है, वेतन प्रतिस्थापन नहीं।

- यदि आपका कार्य-नियोक्ता अभी भी कार्य कर रहा है और आपकी सामान्य आमदनी $1500 प्रति पखवाड़े से अधिक है, तो आपको वे सभी भुगतान और योगदान (सुपरएन्युएशन सहित) प्राप्त होने चाहिए, जिनके लिए आपके पास सामान्य रूप से अपने एवॉर्ड या उद्यम सौदेबाजी समझौते [Enterprise Bargaining Agreement] के आधार पर अधिकार है। आपके वेतन और सुपर में कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए।
- यदि आपको स्टुड डाउन [stood down] कर दिया गया है या आपका वेतन $1500 प्रति पखवाड़े से कम है, तो आपको भुगतान में कम से कम $1500 प्रति पखवाड़े (करपूर्व) की धनराशि प्राप्त होगी। $1500 की इस धनराशि और उस सप्ताह में अपने काम के लिए आपको मिलने वाली धनराशि के बीच के अंतर पर अतिरिक्त सुपएन्युएशन भुगतान देय नहीं होंगे, परंतु आप अपने कार्य-नियोक्ता से इस धनराशि के कुछ अंश को सुपरएन्युएशन में योगदान देने के बारे में बात कर सकते/सकती हैं।
- भुगतान के लिए कौन पात्र है, उन्हें किस प्रकार से और क्या प्राप्त होगा - इसके बारे में और अधिक जानकारी एसीटीयू [ACTU] के एक अन्य तथ्य पत्रक में दी जाएगी।

## इस भुगतान के साथ सुपरएन्युएशन कैसे काम करता है?

आप काम करना जारी रख रहे/रही हैं या नहीं, इसके आधार पर नियम अलग-अलग तरीके से लागू होते हैं:

| व्यवसाय में काम करना जारी रख रहे/रही हैं | वेतन के बिना स्टुड डाउन [Stood Down] कर दिया गया है और जॉबकीपर वेतन छूट प्राप्त हो रही है |
|---|---|
| आपको सामान्य रूप से अन्यथा प्राप्त होने वाले वेतन पर दिया जाने वाला सुपरएन्युएशन प्राप्त होना चाहिए। | आपको $1500 प्रति पखवाड़े की जॉबकीपर वेतन छूट प्राप्त होनी चाहिए और आप अपने कार्य-नियोक्ता से इस भुगतान के कुछ अंश को सुपरएन्युएशन में योगदान देने के बारे में बात कर सकते/सकती हैं। |

जो लोग अभी भी काम करना जारी रख रहे हैं, उनके लिए नियम निम्नानुसार लागू होते हैं:

| सामान्य रूप से मेरी आमदनी $1,500 प्रति पखवाड़े से अधिक है | सामान्य रूप से मेरी आमदनी $1,500 प्रति पखवाड़े से कम है |
|---|---|
| आपके पास अपना मूल वेतन तथा उसके ऊपर सुपरएन्युएशन भुगतान प्राप्त करने का अधिकार है।<br><br>अब सरकार आपके कार्य-नियोक्ता को आपके वेतन के पहले $1,500 अंश की धनराशि का भुगतान करती है जो कार्य-नियोक्ता द्वारा आपको दिया जाएगा, परंतु शेष धनराशि और अन्य कोई भी उपार्जित अधिकार अभी भी आपके कार्य-नियोक्ता की जिम्मेदारी है। | आपके पास अपना मूल वेतन तथा उसपर आधारित सुपरएन्युएशन भुगतान प्राप्त करने का अधिकार है, परंतु आपको कम से कम $1500 प्रति पखवाड़े की धनराशि प्राप्त होनी चाहिए।<br><br>$1500 की इस धनराशि और उस सप्ताह में अपने काम के लिए आपको मिलने वाली धनराशि के बीच के अंतर पर अतिरिक्त सुपएन्युएशन भुगतान देय नहीं होंगे, परंतु आप अपने कार्य-नियोक्ता से देय धनराशि के कुछ अंश को सुपरएन्युएशन में योगदान देने के बारे में बात कर सकते/सकती हैं। |

# एसीटीयू [ACTU] का सुझाव

इस संकट के कारण कर्मियों को सुपरएन्युएशन से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो सेवानिवृत्त होने पर उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि कर्मी काम करना जारी रख रहे हैं, तो उनकी आमदनी के अनुपात में सुपरएन्युएशन का भुगतान जारी रखा जाना चाहिए, जोकि कम से कम विधायी न्यूनतम 9.5% है।

जिन कर्मियों को स्टुड डाउन [stood down] कर दिया गया है और जो कुछ भी काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्य-नियोक्ता के माध्यम से जॉबकीपर भुगतान प्राप्त होना चाहिए। इस परिस्थिति में सुपरएन्युएशन का भुगतान किया जाना आवश्यक नहीं है, लेकिन यदि कार्य-नियोक्ता और उनके कर्मी इस मामले पर सहमत हों, तो इसका भुगतान किया जा सकता है। एसीटीयू [ACTU] यह सुझाव देता है कि इस परिस्थिति में सहयोगी [affiliates] अपने सदस्यों के साथ परामर्श करके अपनी स्थिति निर्धारित करें।

# उदाहरण

जॉबकीपर प्राप्त करने के लिए पात्र लोगों और इसके साथ उनका सुपर कैसे काम करता है, इसके उदाहरण नीचे दिए गए हैं ।

| डैनियल, पूर्णकालिक शेफ, वर्तमान में काम कर रही है | किम, अंशकालिक सफाई-कर्मचारी, वर्तमान में काम कर रहा है |
|---|---|
| वर्तमान में डैनियल एक रेस्तराँ में अपने सामान्य घंटों के लिए काम कर रही है, जो केवल टेक-एवे खाने का संचालन कर रहा है।<br><br>डैनियल के कार्य के घंटों और शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं हुए हैं, इसलिए वह आय में करपूर्व $3,000 प्रति पखवाड़े की धनराशि प्राप्त करती है, और उसके पास | वर्तमान में किम एक सफाई-कर्मचारी के रूप में अपने सामान्य घंटों के लिए काम कर रहा है, और वह सामान्य रूप से आय में करपूर्व $1,000 प्रति पखवाड़े प्राप्त करता है।<br><br>किम अभी भी काम कर रहा है, इसलिए उसके कार्य-नियोक्ता के लिए उसके सामान्य अधिकारों का भुगतान |

| | |
|---|---|
| अपने सुपरएन्युएशन फंड में $285 प्रति पखवाड़े के योगदान का अधिकार है।<br><br>उसे रोजगार में बनाए रखने के लिए उसके कार्य-नियोक्ता को, जो जॉबकीपर योजना के लिए पात्र है, $1,500 प्रति पखवाड़े की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। | करना आवश्यक है, साथ ही उसे किम के सुपर फंड में $95 प्रति पखवाड़े का भुगतान भी करना होगा।<br><br>किम के कार्य-नियोक्ता को दी जाने वाली $1500 धनराशि की सरकारी छूट का अर्थ यह है कि किम को अतिरिक्त रूप से करपूर्व $500 प्रति पखवाड़े की धनराशि प्राप्त होगी। किम अपने कार्य-नियोक्ता से बात करके उसे प्राप्त होने वाली $500 की धनराशि के कुछ हिस्से के आधार पर सुपरएन्युएनेशन योगदान का भुगतान किए जाने के लिए सहमत हो सकता है। |
| **अलिस्सर, पूर्णकालिक बैगेज हैंडलर को वर्तमान में बिना वेतन के स्टुड डाउन [stood down] कर दिया गया है** | |
| अलिस्सर के कार्य-नियोक्ता ने मध्य-मार्च में उसे बिना वेतन के स्टुड डाउन [stood down] कर दिया था।<br><br>अलिस्सर का कार्य-नियोक्ता जॉबकीपर पैकेज के लिए पात्र है और इसके परिणामस्वरूप अलिस्सर को उस समय तक $1,500 प्रति पखवाड़े की धनराशि का भुगतान किया जाएगा, जब तक उसके लिए काम पर वापिस आना आवश्यक न हो।<br><br>अपने कार्य-नियोक्ता से बात करके अलिस्सर यह निर्धारित कर सकती है कि $1,500 की इस धनराशि के किसी भी अंश के आधार पर उसे सुपरएन्युएशन योगदान दिया जा सकता है या नहीं। | |

ध्यान दें: इस तथ्य पत्रक में दी गई जानकारी ट्रेज़री के स्रोतों से ली गई थी और यह जानकारी प्रकाशन के समय सही है - 08/04/20.